दिन– रविवार दिनांक– 14/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुलिस केन्द्र परिसर में केन्द्रीकृत रसोई और सिपाही बैरक का किया उद्‌घाटन।

03. पटना पुस्तक मेला में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने परिचर्चा में सहभागिता की।

04. और, अंडर– 19 क्रिकेट एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को नब्बे रनों से हराया। भारत की ओर से दीपेश देवेन्द्रण और कनिष्क चौहान ने तीन–तीन विकेट लिए।

---

भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को बिहार के साथ–साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। यह नियुक्ति आज से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा की गई है। नितिन नबीन ने नई जिम्मेदारी मिलने पर कहा कि वे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में आगे भी काम करते रहेंगे।

–––बाइट–––

पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक नितिन नबीन वर्तमान में नीतीश सरकार में पथ निर्माण मंत्री हैं। वे पार्टी में कई महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि नितिन नबीन एक युवा और कर्मठ नेता हैं और उनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है तथा बिहार में कई बार विधायक और मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। प्रधानमंत्री ने

विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन की ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में पार्टी को मजबूत करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी नितिन नबीन को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में बिहार के साथ–साथ पूरे देश में भाजपा मजबूती के साथ खड़ी होगी।

———बाइट———

वहीं, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज बिहार के लिए ऐतिहासिक दिन है। श्री जायसवाल ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित नवीन पुलिस केन्द्र परिसर में केन्द्रीकृत रसोई–सह–भोजनालय और सात सौ क्षमता वाले पुरूष सिपाही बैरक का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना पुलिस केन्द्र में रहने वाले पुलिस बलों को अपनी ड्यूटी करने के साथ–साथ राशन और भोजन आदि की व्यवस्था करने में काफी कठिनाई होती थी। इस समस्या का समाधान करने के लिए पुलिस लाईन में जीविका दीदी की रसोई का शुभारंभ किया गया है। इससे यहां रहनेवाले लगभग तीन हजार पुलिस बलों को सस्ते दर पर पौष्टिक भोजन प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे समय और श्रम की बचत होने से पुलिसकर्मी बेहतर ढंग से अपनी ड्यूटी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस रसोई से लगभग एक सौ बीस जीविका दीदियों को रोजगार भी प्राप्त होगा। इस मौके पर उपस्थित उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस परिसर के निर्माण से पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। श्री चौधरी ने कहा कि पुलिसकर्मियों को बैरक के रूप में एक सुंदर, स्वच्छ और उच्च स्तरीय आदर्श व्यवस्था बहाल हो गयी है।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानसभा की प्रक्रिया कार्य संचालन नियमावलियों के तहत लोक लेखा समिति, प्राकलन समिति, याचिका समिति, आश्वासन समिति जैसी सोलह समितियों का गठन किया है। नवगठित समितियों की पहली बैठक कल आयोजित की जाएगी। इस बैठक में समितियों से संबंधित विषयों पर चर्चा के साथ

कार्ययोजना तय किए जाने की संभावना है। इन समितियों का गठन संसदीय परंपराओं के अनुरूप लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है।

---

विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर आज पटना के बांकीपुर विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सडक निर्माण मंत्री नितिन नबीन और विधायक संजीव चौरसिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमें बिहार के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना है।

———बाइट———

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि समाज को सशक्त बनाने के लिए हमें अपनी पुरानी परंपराओं को जीवित रखना होगा। राज्यपाल ने आज बेतिया में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ्य समाज बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

———बाइट———

इस अवसर पर सांसद डॉ. संजय जायसवाल समेत अन्य गणमान्य लोग भी समारोह में उपस्थित थे।

---

दिल्ली के रामलीला मैदान में आज कांग्रेस की ओर से वोट चोरी के खिलाफ रैली का आयोजन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट कर रही है।

———बाइट———

रैली में शामिल बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि बिहार में भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट चोरी की है। उन्होंने कहा कि पार्टी लगातार इसके खिलाफ आंदोलन कर रही है।

———बाइट———

---

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब से सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस की रैली पर कहा कि जनता का विश्वास कांग्रेस सहित विपक्ष की पार्टियों से समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी जैसे झूठे आरोप लगाने से कुछ नहीं होगा।

———बाइट———

वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि वोट चोरी कोई मुद्द नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार चुनाव में बुरी तरह हारने के बावजूद कांग्रेस पार्टी व्यर्थ के मुद्दों पर बात कर रही है।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि विपक्ष अभी तक विधानसभा चुनाव की हार से उबरा नहीं है। श्री सिंह ने आज बेगूसराय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वोट चोरी का नारा बुलंद करने वालों को जनता ने चुनाव में सबक सिखा दिया है।

———बाइट———

---

विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज पटना पुस्तक मेला में आयोजित एक परिचर्चा में सहभागिता की। इस अवसर पर लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।

———बाइट———

पुस्तक मेला में संपादक से संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आकाशवाणी, पटना की समाचार संपादक डॉक्टर सविता पारीक ने कहा कि आकाशवाणी की खबरें विश्वसनीय और तथ्यपरक होती हैं। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी ब्रेकिंग न्यूज के बजाए सटीक खबरों को प्राथमिकता देता है।

---

पटना स्थित गांधी मैदान में आयोजित पुस्तक मेले में पाठकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सुबह से ही साहित्य प्रेमी, छात्र, युवा और परिवार के साथ आए लोगों से मेला परिसर पूरी तरह गुलजार नजर आता है। पुस्तक मेले में हिंदी, अंग्रेज़ी समेत अन्य भाषाओं की साहित्यिक, शैक्षणिक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी पुस्तकों के साथ–साथ उपन्यास, कहानी संग्रह, आत्मकथाएं और बच्चों की किताबों की भी अच्छी–खासी रेंज उपलब्ध है। मेले में साहित्यिक चर्चा और लेखकों से मुलाकात जैसे कार्यक्रमों ने माहौल को और जीवंत बना दिया है। मेले में आये युवाओं ने बताया कि उन्हें रोचक पुस्तकें खरीदने और नई बाते सीखने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

———वॉक्सपॉप———

---

अंडर–19 क्रिकेट एशिया कप में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को नब्बे रनों से पराजित कर दिया है। दुबई में खेले गए मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की पूरी टीम छियालीस दशमलव एक ओवर में दो सौ चालीस रन बनाकर ऑलआउट हो गयी थी। पाकिस्तान की टीम दो सौ इकतालीस रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल एक सौ पचास रनों पर सिमट गयी। भारत की ओर से दीपेश देवेन्द्रण और कनिष्क चौहान ने तीन–तीन विकेट लिए। कनिष्क चौहान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुलिस केन्द्र परिसर में केन्द्रीकृत रसोई और सिपाही बैरक का किया उद्‌घाटन।

03. पटना पुस्तक मेला में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने परिचर्चा में सहभागिता की।

04. और, अंडर– 19 क्रिकेट एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को नब्बे रनों से हराया। भारत की ओर से दीपेश देवेन्द्रण और कनिष्क चौहान ने तीन–तीन विकेट लिए।

---